by E-mail
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.com

# कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय
वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 2556 / न्यूज कटिंग / 101 दिनांक 30-05-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अमरोहा।

विषयः– <u>जनपद अमरोहा के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 30.05.2026) अमर उजाला में प्रकाशित न्यूज के संबंध में।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (30.05.2026) में प्रकाशित न्यूज अधोहस्ताक्षरी को न्यूज पेपर के माध्यम से प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

**अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–**

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| (1)"<u>जल जीवन मिशन : 128 करोड़ खर्च, फिर भी नहीं मिला शुद्ध पानी</u>" | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 884) में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 200 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 95.56 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **बहरामपुर भूड़ पेयजल योजना मजरा नगलिया बहादुरपुर वि0ख0 गजरौला** के कार्य मैसर्स–पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, बाउड्रीवॉल का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण एवं पाइप लाइन का कार्य 7.19 कि0मी0 के सापेक्ष 7.19 कि0मी0 पूर्ण व गृह जल संयोजन का कार्य 290 नग के सापेक्ष 290 नग पूर्ण एवं रास्तों को पूर्व में |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | मोटरेवल कर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि योजना पर विद्युत बिल अवशेष होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा पेयजल योजना का विद्युत संयोजन काट दिया गया है, जिस कारण योजनां पर पेयजलापूर्ति बाधित है। सम्बन्धित फर्म को निर्देशित कर दिया गया है, विद्युत यांत्रिक खण्ड उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद को उक्त योजना पर विद्युत बिल जमा कराकर पेयजलापूर्ति सुचारू करने हेतु अनुरोध किया गया है। योजना पर विद्युत संयोजन पुर्नस्थापित होने के उपरान्त योजना पर पेयजलापूर्ति सुचारू कर दी जायेगी। |

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दी गयी है। माह दिसम्बर 2027 तक धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(चन्द्रहास)

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।

2— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।

3— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।

4— जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।

5— अधिशासी अभियन्ता वि0 / यॉ0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),मुरादाबाद को इस अनुरोध के साथ कि प्रभावी अनुश्रवण कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

6— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।

7— मैसर्स—पी0एन0सी0—एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि विद्युत बिल जमा कराते हुए नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

# जल जीवन मिशन : 1.28 करोड़ खर्च, फिर भी नहीं मिला शुद्ध पानी

## बैरमपुर भूड़ और नगलिया बहादुरपुर में पाइप लाइन के लिए तोड़ीं सड़कें

संवाद न्यूज एजेंसी


**पड़ताल**

गजरौला। जल जीवन मिशन के तहत बैरमपुर भूड़ व मजरा नगलिया बहादुरपुर में 1.28 करोड़ रुपये की लागत से ओवरहेड टैंक बनने के बाद भी लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। साथ ही टूटी सड़कों पर लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। आए दिन वाहन सवार हादसे का शिकार हो रहे हैं।

ब्लॉक की ग्राम पंचायत बैरमपुर भूड़ में पिछले पंचायत चुनाव में 675 मतदाता थे, जबकि इसके मजरे नगलिया बहादुरपुर में 575 वोटर। बैरमपुर भूड़ में जाटव, जाट और सैनी आबादी है, वहीं नगलिया बहादुरपुर में जाट और मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं।

नगलिया बहादुरपुर में जल जीवन मिशन ने तीन साल पूर्व ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू कराया। इसके बराबर में ही सबमर्सिबल लगाया गया। दोनों गांवों में पाइप लाइन बिछाई गई। जिसके लिए दोनों गांवों की हरेक गली की पक्की सड़क को तोड़ दिया। ओवरहेड टैंक बनाने, सबमर्सिबल लगाने और पाइप लाइन बिछाने पर 1.28 करोड़ रुपये खर्च किए गए। लेकिन इसके बाद भी दोनों गांव के लोगों को इससे पानी नहीं मिल रहा है। ग्राम प्रधान राजेश सिंह ने बताया कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

टूटी सड़क की मरम्मत तक नहीं की गई। भाकियू सिद्धू के जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू नगलिया बहादुरपुर के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि हरेक किसान दिवस में उन्होंने ओवरहेड टैंक से पानी आपूर्ति का मुद्दा उठाया, लेकिन किसी ने गंभीरता से नहीं लेता।



नगलिया बहादुरपुर गांव में बना ओवरहेड टैंक। संवाद



गांव में पाइप लाइन से पानी तो नहीं मिला सड़क जरूर तोड़ दी गई। अपने संसाधनों से ही प्यास बुझा रहे हैं। – संजुल, गृहिणी



करोड़ों खर्च होने के बाद ओवरहेड टैंक से पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति करने में पसीने छूट रहे हैं। – प्राची, छात्रा



सड़क तोड़ देने के बाद भी ग्रामीणों को ओवरहेड टैंक से पानी की आपूर्ति न करना ग्रामीणों के साथ मजाक है। – ऋषिपाल सिंह



पाइप लाइन बिछाने के लिए सीसी सड़क तोड़कर उसकी किसी ने सुध नहीं ली। टूटी सड़क परेशानी का सबब बनी है। – निर्दोष, गृहिणी



पाइप लाइन के सड़क तोड़ते समय उम्मीद बनी थी कि हर घर में शुद्ध पानी मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गांव के लोग हैंडपंप आदि से पेयजल की आपूर्ति कर रहे हैं। – सुरेंद्र कौर, गृहिणी

Scanned with CamScanner